**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 23 मई 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमा सुरक्षा बल और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई में वीरता और रक्षा की शक्ति का प्रदर्शन किया।**

- **मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में एक सरकारी संस्थान और  लाडवा में एक चौंक का नाम महर्षि कश्यप के नाम पर रखने की घोषणा की ।**

- **हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कैथल के 36 बिरादरी के लोगो को भगवन परशुराम जयंती के राज्यस्तरीय समारोह में भाग लेने का आह्वान किया।**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी  परसों आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।**

- **हरियाणा में एकोरोना ने दस्तक दी। गुरुग्राम और फरीदाबाद  में दो लोगों में कोरोना के लक्षण मिले।**

****************************************************************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का जवाब है और आज दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की प्रशंसा कर रही है। श्री शाह ने कहा कि सरकार की मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति और खूफिया एजेंसियों की अचूक सूचना तथा सशस्त्र बलों द्वारा घातक कार्रवाई  के कारण यह संभव हुआ है। आज नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि बीएसएफ और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई में वीरता और रक्षा की शक्ति का प्रदर्शन किया है।

***ऑपरेशन सिंदूर अपनी भूमि पर हुए टेरर हमलों के जवाब के इतिहास में सबसे सटीक और सभी उद्देश्यों को पूर्ति करने वाला ऑपरेशन था और इस सटीक ऑपरेशन का न केवल भारत पूरी दुनिया के एक्सपर्ट्स पूरी-पूरी प्रशंसा कर रहे हैं। सेना के संयम की भी प्रशंसा हो रही है कि हमने केवल आतंकी अड्डों और उनके एयरबेस को ही टारगेट किया।***

श्री शाह ने कहा कि बीएसएफ दुनिया का सर्वोच्च सीमा सुरक्षा बल है।

***बीएसएफ ने आंतरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और आतंकवाद विरोधी अभियानों में भी बहुत अच्छे से हिस्सा भी लिया है और परिणामों को भी प्राप्त किया है। चाहे चुनाव करना हो, चाहे कोरोना हो, चाहे खेल का मैदान हो, चाहे आतंकवाद का सामना करना हो, चाहे नक्सलवाद का सामना करना हो, चाहे उत्तर-पूर्व में शांति की स्थापना करनी हो, बीएसएफ ने बहुत अच्छे तरीके से अपनी ड्यूटी को निभाया है।***

गृह मंत्री ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत की सीमाओं की रक्षा में बीएसएफ की भूमिका की भी सराहना की।

*******************************************************************************

******

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में एक सरकारी संस्थान और लाडवा में एक चौंक का नाम महर्षि कश्यप के नाम पर रखने की घोषणा की है।मुख्यमंत्री ने आज कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा में संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते समय यह घोषणा की।महर्षि कश्यप को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का प्रकाश स्तम्भ बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा –

मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि कश्यप ने ज्ञान, तप और अनुसंधान से मानव सभ्यता को नई दिशा दी।

महर्षि कश्यप को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्यप समाज का इतिहास प्राचीन काल से ही गौरवशाली रहा है। इस समाज ने रामायण काल में निषाद जैसे शक्तिशाली राजा दिए। राजा निषाद ने ही भगवान श्रीरामचंद्र को वनवास के दौरान आश्रय दिया

था। आजादी के आंदोलन में भी इस समाज ने सराहनीय भूमिका निभाई।श्री नायब सिंह सैनी ने तीर्थ स्थल कुरुक्षेत्र और कपाल मोचन में स्थापित कश्यप राजपूत धर्मशालाओं के विस्तार के लिए 21-21 लाख रुपये देने की तथा लाडवा, कुरुक्षेत्र या इंद्री में कश्यप राजपूत धर्मशाला की स्थापना के लिए भूखंड उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की।इस मौके पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, कई विधायक और गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

*******************************************************************************

हरियाणा के सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि 30 मई को रोहतक के गांव पहरावर में संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत भगवान परशुराम जयंती मनाई जाएगी।आज कैथल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। केंद्र व प्रदेश के कई मंत्री व नेता भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में 36 बिरादरी के लोग भाग लेंगे। उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आह्वान किया।सहकारिता मंत्री ने कहा कि भगवान परशुराम एक बिरादरी के नहीं, बल्कि 36 बिरादरी के हैं। उनसे अन्याय के खिलाफ लडने, अदम्य धैर्य, साहस, पराक्रम, त्याग एवं मातृ-पितृ भक्ति की सीख मिलती है। उन्होंने ब्राह्मण सभा में पुस्तकालय के लिए पांच लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के चुनाव भी जल्द कराएगी, इसी कड़ी में सरकार ने प्रशासक की नियुक्ति की है।पत्रकारों से बातचीत में डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि 30 मई को आयोजित किया जा रहा भगवान परशुराम जयंती समारोह, सैनिकों के पराक्रम को समर्पित है।विपक्ष द्वारा तिरंगा यात्रा से राजनीति करने के आरोप पर डॉ अरविन्द शर्मा ने कहा -

कैबिनेट मंत्री ने कैथल जिले के सिसला धाम में पूजा अर्चना भी की और विकास कार्यो के लिए 11 लाख रुपये देने का ऐलान किया।

*********************************************************************************

*********************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी।

लोग अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। वे अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या **माई जी ओ वी-** MyGov ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

**************************************************************************

राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा की प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में महापुरुषों की शिक्षाओं व उनके दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए सर्व समाज के हित में काम कर रही है। सरकार महापुरुषों की जीवनी व शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है।श्री बराला आज जींद में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं थीं, बल्कि वे धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना की भी वाहक थीं। उन्होंने अनेक तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार कराया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा ने लोग से लोकमाता अहिल्याबाई के दिखाए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा -

************************************************************************

हरियाणा में एक बार फिर से कोरोना ने दस्तक दी है। गुरुग्राम में एक बुजुर्ग महिला व फरीदाबाद के एक 28 वर्षीय युवक में कोरोना के लक्षण मिले है। इनमें कोरोना की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है।